XASC-HIN(Comp.)L-ELEC/ADDL-ASC

| HIN |
|---|
| Arts/Science/Commerce |

Total No. of Pages : 23

पृष्ठों की कुल संख्या : 23

# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्

## ANNUAL INTERMEDIATE EXAMINATION – 2025

## HINDI

Total Time : 3 Hours 15 minute | Full Marks : 80

कुल समय : 3 घंटे 15 मिनट | पूर्णांक : 80

**General Instructions / सामान्य निर्देश :**

1. This Question Booklet has *two* Parts — **Part-A** and **Part-B**.

   इस प्रश्न-पुस्तिका में दो भाग — **भाग-A** तथा **भाग-B** हैं।

2. **Part-A** is of MCQ Type having **30** marks and **Part-B** is of Subjective Type having **50** marks.

   **भाग-A** में **30** अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न तथा **भाग-B** में **50** अंक के विषयनिष्ठ प्रश्न हैं।

3. The candidate has to answer in the Answer Booklet which will be provided separately.

   परीक्षार्थी को अलग से उपलब्ध कराई गई उत्तर-पुस्तिका में उत्तर देना है।

HINDI

## Part-A

## भाग-A

### ( Multiple Choice Type Questions )

### ( वहुविकल्पीय प्रश्न )

Question Nos. **1** to **30** are Multiple Choice Type. Each question has *four* options. Select the correct option and write it in the Answer Sheet. Each question carries 1 mark. $1 \times 30 = 30$

प्रश्न संख्या **1** से **30** तक बहुविकल्पीय प्रकार के हैं। प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प हैं। सही विकल्प चुनकर उत्तर पुस्तिका में लिखें। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है। $1 \times 30 = 30$

**निर्देश :** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिये गए प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए ।

"भारत एक विशाल देश है, जिसमें भिन्न-भिन्न प्रकार की समस्याएँ व्याप्त हैं, जिनमें से एक है – जनसंख्या वृद्धि । जनसंख्या वृद्धि देश के विकास में बाधा का कार्य करती है, इसलिए हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता जनसंख्या वृद्धि को रोकना है । इस क्षेत्र में हमारे सभी प्रयत्न निष्फल रहे हैं । ऐसा क्यों है ? यह इसलिए भी हो सकता है, क्योंकि समस्या को देखने का हर एक का अलग दृष्टिकोण है । जनसंख्याशास्त्रियों के लिए यह आँकड़ों का अंबार है । अफसरशाही के लिए यह टारगेट तय करने की कार्यविधि है । राजनीतिज्ञ इसे वोट बैंक की

दृष्टि से देखता है । ये सब अपने-अपने ढंग से समस्या को सुलझाने में लगे हैं । अतः पृथक-पृथक किसी के हाथ सफलता नहीं लगी ।''

1. भारत की समस्या कैसी है ?

(A) भिन्न-भिन्न
(B) अभिन्न-अभिन्न
(C) साथ-साथ
(D) जात-पाँत

2. देश के विकास में बाधा क्या है ?

(A) मृत्यु दर
(B) जन्म दर
(C) जनसंख्या वृद्धि
(D) इनमें से कोई नहीं

3. जनसंख्याशास्त्रियों के लिए जनसंख्या वृद्धि क्या है ?

(A) आंकड़ों का अंबार
(B) जनसंख्या की भरमार
(C) (A) और (B) दोनों
(D) इनमें से कोई नहीं

4. जनसंख्या वृद्धि राजनीतिज्ञ के लिए क्या है ?

(A) वोट बैंक
(B) जनसंख्या वृद्धि
(C) (A) और (B) दोनों
(D) इनमें से कोई नहीं

ऋषि-मुनियों, साधु-संतों को नमन, उन्हें मेरा अभिनन्दन । जिनके तप से पूत हुई है, भारत देश की स्वर्णिम माटी, जिनमें श्रम से चली आ रही, युग-युग से अविरल परिपाटी । जिनमें संयम से शोभित है, जन-जन के माथे पर चंदन । कठिन आत्म-मंथन के हित, जो असि-धारा पर चलते हैं, पर-प्रकाश हित पिघल-पिघल कर मोम-दीप-सा जलते हैं । जिनके उपदेशों को सुनकर सँवर जाए जन-जन का जीवन ।

5. ऋषियों-मुनियों के क्या करने से पूत हुई भारत की माटी ?

(A) जप
(B) तप
(C) मग
(D) जग

6. भारत देश की माटी कैसी है ?

(A) लोहित (B) स्वर्णिम

(C) रजत (D) इनमें से कोई नहीं

7. आत्म-मंथन के हित किस धारा पर चलते हैं ?

(A) मसि (B) असि

(C) तसि (D) कसि

8. किसका दीपक जलता है ?

(A) मोम-दीप (B) सरसों दीप

(C) (A) और (B) दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

9. संचार के मुद्रण माध्यम में किसे शामिल किया जाता है ?

(A) पत्रिकाएँ (B) पैम्फलेट्स

(C) समाचार (D) इनमें से सभी

10. भारत में हिन्दी का प्रथम समाचार-पत्र कौन-सा माना जाता है ?

(A) दैनिक जागरण (B) हिन्दुस्तान

(C) उदंत मार्तण्ड (D) इनमें से सभी

11. फीचर में तथ्यों की प्रस्तुति का ढंग होता है

(A) मनोरंजन (B) व्यापक

(C) नीरस (D) सरस

12. एक अच्छे सम्पादक में क्या गुण होना चाहिए ?

(A) दृश्य-श्रव्य माध्यम (B) दृश्य माध्यम

(C) श्रव्य माध्यम (D) इनमें से कोई नहीं

13. 'रिमाइण्डर' को हिन्दी में क्या कहते है ?

(A) नोटिस (B) मिनट

(C) अनुस्मारक (D) स्मृति पत्र

14. नयी संचार भाषा को जन्म किसने दिया है ?

(A) विज्ञान और प्रौद्योगिकी ने (B) इंटरनेट ने

(C) सिनेमा ने (D) कम्प्यूटर ने

15. निम्नलिखित में से कौन फीचर लेखन का चरण नहीं है ?

(A) शीर्षक (B) चरमोत्कर्ष

(C) आमुख (D) समापन

16. प्रथम प्रेस आयोग का गठन कब किया गया ?

(A) सन् 1952 (B) सन् 1956

(C) सन् 1954 (D) सन् 1960

निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर दें :

शृंगार रहा जो निराकार

रस कविता में उच्छ्वसित-धार

गाया स्वर्गीया-प्रिया-संग

भरता प्राणों में राग रंग

रति-रूप प्राप्त कर रहा वही,

आकाश बदल कर बना मही

हो गया ब्याह, आत्मीय स्वजन,

कोई थे नहीं, न आमंत्रण

था भेजा गया, विवाह-राग

भर रहा न घर निशि-दिवस जाग

प्रिय मौन एक संगीत भरा

नवजीवन के स्वर पर उतरा ।

17. शृंगार कैसा था ?

(A) निराकार (B) साकार

(C) ताकार (D) भकार

18. प्राणों में क्या भरता है ?

(A) जात-पाँत (B) राग-रंग

(C) लाल-पीला (D) इनमें से सभी

19. आकाश बदल कर क्या बन गया ?

(A) सही (B) दही

(C) मही (D) वही

20. प्रिय का मौन कैसा था ?

(A) संगीत-भरा (B) द्वेष-भरा

(C) राग-भरा (D) त्याग-भरा

21. देवसेना किससे प्रेम करती थी ?

(A) स्कंदगुप्त से (B) चन्द्रगुप्त से

(C) समुद्रगुप्त से (D) श्रीगुप्त से

22. अज्ञेय का पूरा नाम क्या था ?

(A) आनंद हीरानंद
(B) सच्चिदानंद हीरानन्द वात्स्यायन
(C) वात्सायन हीरानंद
(D) आनंद हीरानंद वात्स्यायन

23. ममता कालिया का जन्म किस शहर में हुआ था ?

(A) हरिद्वार
(B) बनारस
(C) मथुरा
(D) काशी

24. आडम्बर 'शब्द' का अर्थ है

(A) दिखावा
(B) ढोंग
(C) छापा
(D) आविष्कार

25. निम्नलिखित में अमझर क्या है ?

(A) आम का पेड़
(B) गाँव का नाम
(C) प्रोजेक्ट का नाम
(D) पेड़ का नाम

26. 'संवदिया' कहानी में मुख्य पात्र कौन है ?

(A) बड़ी बहुरिया
(B) हरगोबिन
(C) गांव के लोग
(D) बहुरिया का पति

27. 'रंगभूमि' उपन्यास किस वर्ष छपा था ?

(A) 1918
(B) 1932
(C) 1936
(D) 1937

28. 'सूरदास की झोपड़ी' पाठ के लेखक का नाम है

(A) रामदास

(B) प्रेमचन्द

(C) जयशंकर प्रसाद

(D) निर्मल वर्मा

29. कोइयां से क्या अभिप्राय है ?

(A) कोयला

(B) जल में उगने वाला पुष्प

(C) लकड़ी

(D) इनमें से कोई नहीं ।

30. मालवा में कौन जमा रहता है ?

(A) धूप

(B) मानसून

(C) धूल

(D) बारात

## Part-B

## भाग-B

### ( Subjective Type )

### ( विषयनिष्ठ प्रश्न )

### Section – A

### खण्ड – A

### ( Very Short Answer Type Questions )

### ( अति लघु उत्तरीय प्रश्न )

Answer any *six* questions. $2 \times 6 = 12$

किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर दें।

प्रस्तुत गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :

वर्तमान आधुनिक युग में शिक्षा का अर्थ बदल रहा है । शिक्षा भौतिक आकांक्षा की साधन बनती जा रही है । व्यावसायिक शिक्षा के अंधानुकरण से छात्र सैद्धांतिक शिक्षा से दूर होते

जा रहे हैं जिसके कारण रूस की क्रांति, फ्रांस की क्रांति, अमेरिका की क्रांति, समाजवाद, पूँजीवाद, राजनीतिक व्यवस्था, सांस्कृतिक मूल्यों आदि की सामान्य जानकारी भी व्यावसायिक शिक्षा ग्रहण करने वालों की नहीं है । यह शिक्षा का विशुद्ध रोजगारोन्मुखी रूप है । शिक्षा के प्रति इस प्रकार संकुचित दृष्टिकोण अपनाकर विवेकशील नागरिकों का निर्माण बिल्कुल नहीं किया जा सकता है । भारत जैसे विकासशील देश में शिक्षा रोजगार का साधन न होकर साध्य हो गयी है ।

31. वर्तमान युग में शिक्षा का अर्थ क्या हो रहा है ?

32. विभिन्न क्रांतियों के कारण क्या थे ?

व्यावसायिक शिक्षा ग्रहण करनेवालों में क्या हुनर होना चाहिए ?

देवसेना की हार या निराशा के क्या कारण हैं ?

5. धीरे-धीरे होने की सामूहिक लय में क्या-क्या बँधा है ?

36. 'दूसरा देवदास' कहानी के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए ।

37. लेखक ने सेवाग्राम में किन-किन लोगों के आने का जिक्र किया है ?

38. 'संवदिया डटकर खाता है और अफर कर सोता है' से क्या आशय है ?

## Section – B

## खण्ड – B

### ( Short Answer Type Questions )

### ( लघु उत्तरीय प्रश्न )

Answer any *six* questions. Answer the questions in maximum 150 words each. 3 × 6 = 18

किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 150 शब्दों में दें।

39. भरत का आत्म परिताप उनके चरित्र के किस उज्ज्वल पक्ष की ओर संकेत करता है ?

40. कवि को धरती और मन की भूमि में क्या-क्या समानताएँ दिखाई पड़ती हैं ?

1. 'फूल केवल गंध ही नहीं देते दवा भी करते है', कैसे ?

12. बसंत आगमन की सूचना कवि को कैसे मिली ?

43. 'यह फूस की राख न थी, उसकी अभिलाषाओं की राख थी ।' सन्दर्भ सहित विवेचना कीजिए ।

44. बड़ी बहुरिया अपने मायके संदेश क्यों भेजना चाहती थी ?

45. राजा ने जनता को हुक्म क्यों दिया कि सब लोग अपनी आँखें बंद कर लें ?

46. कवि ने अपनी पुत्री का तर्पण किस प्रकार किया ?

## Section – C

## खण्ड – C

### ( Long Answer Type Questions )

### ( दीर्घ उत्तरीय प्रश्न )

Answer any *four* questions. Answer the questions in maximum 250 words each. 5 × 4 = 20

किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 250 शब्दों में दें।

47. पकी फसल से लहलहाता खेत पर निबंध लिखिये ।

48. अपने मित्र को ग्रीष्म अवकाश साथ व्यतीत करने के लिए निमंत्रित कीजिए ।

49. रिपोर्ट के प्रमुख तत्त्व क्या हैं ?

50. पाठ के आधार पर हर की पौड़ी पर होने वाली गंगा जी की आरती का भावपूर्ण वर्णन अपने शब्दों में कीजिए ।

51. 'गीत' और 'मोती' की सार्थकता किससे जुड़ी है ?

52. 'निस्संदेह' शब्द को लेकर लेखक ने किस प्रसंग का जिक्र किया है ?